मितान योजना को 1 वर्ष पूरे, जरूरी सेवाओं के लिए टोल फ्री नंबर 14545 पर संपर्क करने वाले 8242 भिलाई के हितग्राहियों को मिला घर पहुंच प्रमाण पत्र

भिलाई नगर/ मितान योजना के 1 वर्ष पूरे हो चुके हैं अब तक 8242 लोगों को घर पहुंच सेवा इसके तहत मिल चुकी है इन हितग्राहियों ने केवल टोल फ्री नंबर 14545 का इस्तेमाल किया था और इन्हें त्वरित रूप से घर पहुंच कर प्रमाण पत्र की सेवा मिल चुकी है। मुख्यमंत्री मितान योजना के 1 वर्ष पूर्ण होने पर श्रीमती चंदा सिंह को उनके निवास स्थान पर निवास प्रमाण पत्र तथा योगेश यादव को आय प्रमाण पत्र उनके निवास स्थान पर जाकर मितान के तहत उपलब्ध कराया गया। मितान योजना में अब राशन कार्ड को भी शामिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस प्रकार से मितान योजना में 17 प्रकार की सेवाएं हो जाएंगी। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लोगों को दिलाने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। निगम की अपील है कि मितान योजना के माध्यम से विवाह प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र में सुधार, जन्म प्रमाण पत्र, दुकान एवं स्थापना पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र में सुधार, विवाह प्रमाण पत्र में सुधार, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड, पैन कार्ड, आधार नंबर में मोबाइल अपडेशन, निवास प्रमाण पत्र, एससी एसटी प्रमाण पत्र, ओबीसी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जैसे अन्य प्रमाण पत्र एवं जरूरी सेवाओं का लाभ लेने के लिए 14545 टोल फ्री नम्बर पर संपर्क करे।